झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची , दिनांक-12.05.2020

मुख्यमंत्री सचिवालय, रांची

विज्ञप्ति संख्या- 419/2020

12 मई 2020

झारखंड मंत्रालय, रांची

★ झारखंड के स्वास्थ्य कर्मियों के फिया फाउंडेशन की ओर से व्यक्तिगत सुरक्षा किट की सप्रेम भेंट !

==

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में फिया फाउंडेशन के झारखंड स्टेट हेड श्री जॉनसन टोपनो ने मिलकर कोरोना वायरस के उपचार में क्रियाशील स्वास्थ्य कर्मियों के सुरक्षा के लिए एक करोड़ छप्पन लाख रुपए से ज्यादा के व्यक्तिगत सुरक्षा किट राज्य सरकार को प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विभिन्न अस्पतालों में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों के लिये पार्टनरिंग होप इनटू एक्शन (फिया फाउंडेशन) द्वारा राज्य सरकार को सहयोग के रूप में दिया गया व्यक्तिगत सुरक्षा किट सराहनीय है। अस्पतालों में कोरोना वायरस संक्रमित मरीजों की सेवा में लगे डॉक्टर्स सहित सभी स्वास्थ्य कर्मियों को व्यक्तिगत सुरक्षा किट उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई स्वयंसेवी संस्था इस संकट की घड़ी में राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर इस विपदा से निपटने हेतु सकारात्मक कार्य कर रहे हैं, इन सभी संस्थाओं को मैं धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग एकजुट होकर कोविड-19 से इस लड़ाई में सफलता हासिल कर सकेंगे।

इस अवसर पर फिया फाउंडेशन के स्टेट हेड श्री जॉनसन टोपनो ने कहा कि अजीम प्रेमजी फिलांथरोपिक इनीशिएटिव के सौजन्य से झारखंड राज्य के विभिन्न अस्पतालों में कोविड-19 संक्रमण मरीजों के इलाज में कार्यरत डॉक्टर्स, नर्स सहित सभी स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा किट राज्य सरकार को उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपदा की इस घड़ी में फिया फाउंडेशन प्रतिबद्धता के साथ समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी महती भूमिका निभा रही है। कोरोना वायरस के इस जंग में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति हमारी संस्था बेहद संवेदनशील है।

इस सराहनीय कार्य के लिए मुख्यमंत्री ने अज़ीम प्रेमजी फिलान्थ्रोपिक इनिशिएटिव को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार श्री अभिषेक प्रसाद, मुख्यमंत्री के वरीय आप्त सचिव श्री सुनील श्रीवास्तव, फिया फाउंडेशन के फाइनेंस मैनेजर श्री रोबिन सत्यार्थी, वालंटियर कंट्रोल रूम श्री मनदीप पंथ एवं श्री समीर बाड़ा उपस्थित थे।

###

==================

#Team PRD (CMO)